# Government College Karsog

## National Service Scheme

***NSS SEVEN DAYS SPECIAL CAMP REPORT***

***17 December To 23 December* (2022 -23)**

# Day 1

- दिनांक 17/ 12/2022 महाविद्यालय करसोग की एनएसएस इकाई के द्वारा सात दिवसीय एनएसएस शिवर का शुभारम्भ किया गया।जिसमें महाविद्यालय के प्रधानाचार्य के द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम का शु ुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण से किया और जिसमें महाविद्यालय करसोग के अन्य प्राचार्य भी शामिल रहे। उसके बाद एनएसएस स्वयंसेवियों के द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। कार्यक्रम का समापन एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ किया गया।अतः सभी स्वयंसेवियों और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर बीरबल सिंह और सोनिया चौधरी के सहयोग से आज के शिविर का शुभारंभ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।











स्वतंत्र हिमाचल

# स्वतंत्र हिमाचल

18-12-2022 करसोग (मंडी)

## महाविद्यालय करसोग में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ शुभारंभ

संवाददाता:- राज ठाकुर/ करसोग

राजकीय महाविद्यालय करसोग में 17 दिसंबर, शनिवार को सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का शुभारंभ किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्रधानाचार्य गुलशन महाजन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, उनके साथ साथ डॉक्टर यमुना शर्मा, डालिम कुमार, डॉ रुचि नारंग, डॉ बीरबल, प्रो॰ प्रीति, प्रो॰विद्या, डॉक्टर लीलाधर ठाकुर व अन्य अध्यापक व अध्यापिका भी पधारे। इसके बाद मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दीप प्रज्वलन के पश्चात एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सोनिया चौधरी के द्वारा वेलकम नोट प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के सभागार में किया गया था। वेलकम नोट के पश्चात अध्यक्ष निखिल शर्मा के द्वारा सात दिवसीय एनएसएस कैंप की समय सारणी 7 दिनों में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। इसके अलावा एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें कि विशेष रूप से स्वयंसेवी ज्योति द्वारा एकल गायन, स्वयंसेवी डिम्पल व दयाल द्वारा ग्रुप डांस, स्वयंसेविका रुचि द्वारा एकल नृत्य तथा अन्य स्वयंसेवियों द्वारा भी अपने - अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस विशेष शिविर को लेकर सभी स्वयंसेवी उत्साहित होते हुए दिखाई दिए। मुख्यातिथि डॉ गुलशन महाजन ने सभी स्वयंसेवियों का मनोबल बढ़ाने का प्रयास किया तथा उन्होंने कहा कि एनएसएस एकमात्र ऐसी संस्था है जो हमें सामाजिक कार्य करने तथा अपने समाज को जानने का भी अवसर प्रदान करती है तथा उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा किए जाने वाले कार्यों की सराहना भी की। इसके पश्चात थैंक्स नोट एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉक्टर बीरबल जी के द्वारा पेश किया गया। अंत में सभी स्वयंसेवियों ने एनएसएस गीत का गायन कर आज के इस एनएसएस शिविर के प्रथम दिन का समापन किया। अतः यह कार्यक्रम एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सोनिया चौधरी जी की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



# Day 2

**दिनांक 18/12/2022**राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सात दिवसीय शिविर का दूसरा दिन सभी स्वयंसेवियों के सहयोग से शुरु हुआ।आज का मुख्य कार्य महाविद्यालय परिसर को साफ करना था। स्वयंसेवियो ने  बड़े अच्छे तरीके से इसको साफ किया। दोपहर भोजन के बाद बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र के मुख्य वक्ता वन विभाग के अधिकारी अंकित मेहता जी रहे। जिन्होंने एनएसएस और एक दूसरे का सहयोग कैसे करें तथा अपने कर्तव्यों का पालन केसे करना चाहिए उसके बारे में बताया।

मुख्य वक्ता ने बताया कि करसोग के सभी विद्यार्थियों का सम्बंध ग्रामीण क्षेत्र से है इसलिए आप किस प्रकार अपने आस पास के लोगों को एक संदेश दे सकते हैं की हमे किस प्रकार दूसरों की मदद करनी चाहिए तथा साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।आज का यह स्त्र काफी महत्वपूर्ण रहा। वरिष्ठ स्वयंसेवियों द्वारा शिविर के स्वयंसेवियों को परेड़ का अभ्यास करवाया गया।

# #Day 2







# Day 3

**दिनांक** 19/12/2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सात दिवसीय शिविर का तीसरा दिन सभी स्वयंसेवियों के सहयोग से शुरु हुआ।आज का मुख्य कार्य महाविद्यालय परिसर के वानस्पतिक उद्यान को साफ करना था। स्वयंसेवीयो ने बड़े अच्छे तरीके से इसको साफ किया। दोपहर भोजन के बाद बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र की मुख्य DSP करसोग गीतांजली ठाकुर जी रही। जिन्होंने सभी स्वयंसेवियों को बताया कि हम किस तरह अपने डर को काबू कर सकते हैं।

मुख्य वक्ता ने बताया कि करसोग के सभी विद्यार्थियों को अपने साथ-साथ लोगों को एक संदेश भी देना चाहिए की हमे किस प्रकार दूसरों का सहयोग करना चाहिए।साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।आज का यह स्त्र काफी महत्वपूर्ण रहा। वरिष्ठ स्वयंसेवियों द्वारा शिविर के स्वयंसेवियों को परेड़ का अभ्यास करवाया गया।

# #Day 3

TV 24 हिमाचल
खबर फर्स्ट
डिजिटल अखबार
विज्ञापन, इंटरव्यू, डॉक्यूमेंट्री के लिए संपर्क करें - मो. 9129761000

## करसोग महाविद्यालय में एनएसएस शिविर के तीसरे दिन डीएसपी गीतांजली ठाकुर ने युवाओं को नशे,साइबर क्राइम व अन्य कई विषयों पर युवाओं को दिये टिप्स



राजकीय महाविद्यालय करसोग में आज दिनांक 19 दिसंबर सोमवार, को 17 दिसंबर से चल रहे सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का तीसरा दिन रहा। आज के दिन की शुरुआत एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा ड्रिल के माध्यम से की गई। इसके पश्चात स्वयंसेवियों को चाय की व्यवस्था की गई थी। चाय पान के पश्चात सभी स्वयंसेवी अपने अपने कार्य में जुट गए तथा आज की गतिविधि में स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय के परिसर में उगी अवांछनीय झाड़ियों को काटा गया तथा उन झाड़ियों को जलाया गया । साथ ही साथ महाविद्यालय में बनी नालियों में पड़े कचरे को साफ किया गया, ताकि बरसात में नालियों में पड़ा कचरा पानी के मार्ग को अवरुद्ध न कर पाए। साफ सफाई की इस गतिविधि के पश्चात दोपहर के भोजन अर्थात मध्यान्ह भोजन को ग्रहण किया गया,मध्यान भोजन के समय सभी स्वयंसेवियों ने भोजन को वितरित किया जिसमें की स्वयंसेवियों के मध्य परस्पर सहयोग की भावना स्पष्ट दिखाई दी। इसके पश्चात बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें डी एस पी गीतांजलि ठाकुर जी के द्वारा मुख्य वक्ता अथवा मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की गई। गीतांजलि ठाकुर जी का स्वागत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सोनिया चौधरी जी द्वारा गुलदस्ता देकर किया गया । आज के इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डीएसपी गीतांजलि ठाकुर जी के द्वारा कानून व्यवस्था से सभी को परिचित करवाया गया, साइबर क्राइम तथा लॉ एंड ऑर्डर को बनाए रखने में कैसे हम अपना सहयोग कर सकते हैं, कैसे भारत के भविष्य अर्थात युवाओं को नशे से दूर रखा जा सकता है, हम अपने डर पर कैसे काबू पा सकते हैं,इस बारे में अमूल्य जानकारी प्रदान की गई। सभी स्वयंसेवकों ने मुख्य वक्ता की इन बातों को ध्यान पूर्वक सुना एवं उनके साथ परस्पर सहयोग करने का निश्चय किया ताकि करसोग जैसे प्रकृति की गोद में बसे कस्बे को सामाजिक बुराइयों से दूर रखा जा सके और यहां के युवा भारत के भविष्य के रुप में उभरे । बौद्धिक सत्र के पश्चात स्वयंसेवियों के लिए ड्रिल अथवा परेड का आयोजन किया गया जिसमें सभी स्वयंसेवियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। आज के एनएसएस सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ, जिसमें सभी स्वयंसेवियों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। अतः आज का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।







# Day 4

**दिनांक 20/12/2022** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सात दिवसीय शिविर का चौथा दिन सभी स्वयंसेवियों के सहयोग से शुरु हुआ।आज का मुख्य कार्य महाविद्यालय को साफ करना था। स्वयंसेवियों ने  बड़े अच्छे तरीके से सारा काम किया। दोपहर भोजन के बाद बौद्धिक आयोजित किया गया। इस सत्र के मुख्य वक्ता पतंजलि योगपीठ से सुरेश जी रहे। जिन्होंने सभी स्वयंसेवियों को बताया कि हम किस प्रकार योग के माध्यम से अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं। मुख्य वक्ता ने सभी स्वयंसेवियों को योग के महत्व और विभिन्न प्रकार के योगों के बारे में जानकारी दी। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।आज का यह स्त्र काफी महत्वपूर्ण रहा। वरिष्ठ स्वयंसेवियों द्वारा शिविर के स्वयंसेवियों को परेड़ का अभ्यास करवाया गया।

# #Day 4








# Day 5

राजकीय महाविद्यालय करसोग में आज 21 दिसंबर,बुधवार को सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर के पांचवें दिन की शुरुआत प्रातः कालीन ड्रिल से की गई ,सुबह की ड्रिल परेड कमांडर मुकेश एवं शेफाली  के नेतृत्व में संपन्न हुई। ड्रिल के पश्चात कुछ क्षणों के अंतराल के पश्चात चाय पान की व्यवस्था की गई। चाय पीने के पश्चात स्वयंसेवियों को जिस प्रकार से गतिविधियां एवं कार्य सौंपे गए थे, उसी प्रकार से अपने कार्य को करना आरंभ कर दिया। आज की गतिविधि में विशेष रुप से स्वयंसेवियों के द्वारा महाविद्यालय परिसर में लगे देवदार एवं आंवले के पेडों में लगी अवांछनीय टहनियों की कटाई की गई एवं पेड़ों के तने में एवं क्यारियों में लगे पत्थरों एवं इंटों की चूना एवं लाल मिट्टी आदि से रंगाई-पुताई की गई। साथ ही साथ महाविद्यालय कैंटीन  परिसर की साफ सफाई भी की गई। स्वयंसेवियों द्वारा की गई यह गतिविधि एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सोनिया चौधरी जी की मौजूदगी में संपन्न हुई,उन्होंने स्वयंसेवी द्वारा किए गए कार्यों को परखा एवं उनकी सराहना की। इतने में मध्यान भोजन का भी समय हो चला था तो मध्यान्ह भोजन को बनाने में एनएसएस के वरिष्ठ स्वयंसेवियों ने अपने विशेष भूमिका अदा की। उन्होंने संतुलित एवं स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की।

मध्यान भोजन के पश्चात स्वयंसेवियों के लिए कुछ समय के अंतराल के पश्चात बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया,इसमें मुख्य वक्ता के रूप में दिलीप ठाकुर जी ने शिरकत की। मुख्य वक्ता के द्वारा स्वयंसेवियों को सभ्य मनुष्य जीवन , इन्टरनेट से बदली हमारी जिंदगी , दैनिक आदतों में सुधार (बदलाव) तथा युवाओं को उनके करियर के प्रति जागरूक किया। उनकी इन बातों को स्वयंसेवियों ने ध्यानपूर्वक सुना।

# #Day 5

# स्वतंत्र हिमाचल

21-12-2022 मंडी (करसोग) swatantrahimachal@gmail.com

## राजकीय महाविद्यालय करसोग में आज एनएसएस शिविर का पांचवां दिन

[illegible]ंवाददाता:-राज ठाकुर / चुराग



राजकीय महाविद्यालय करसोग में आज बुधवार को सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर के पांचवें दिन की शुरुआत प्रातः कालीन ड्रिल से की गई। सुबह की ड्रिल परेड कमांडर पुकेश एवं शेफाली के नेतृत्व में संपन्न हुई। ड्रिल के पश्चात कुछ क्षणों के अंतराल के पश्चात चाय पान की व्यवस्था की गई। चाय पीने के पश्चात स्वयंसेवियों को जिस प्रकार से गतिविधियां एवं कार्य सौंपे गए थे, उसी प्रकार से अपने कार्य को करना आरंभ कर दिया। आज की गतिविधि में विशेष रूप से स्वयंसेवियों के द्वारा महाविद्यालय परिसर में लगे देवदार एवं आंवले के पेड़ों में लगी अवांछनीय टहनियों की कटाई की गई एवं पेड़ों के तने में एवं क्यारियों में लगे पत्थरों एवं ईंटों की चूना एवं लाल मिट्टी आदि से रंगाई-पुताई की गई। साथ ही साथ महाविद्यालय कैंटीन परिसर की साफ सफाई भी की गई। स्वयंसेवियों द्वारा की गई यह गतिविधि एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सोनिया चौधरी की मौजूदगी में संपन्न हुई,उन्होंने स्वयंसेवी द्वारा किए गए कार्यों को परखा एवं उनकी सराहना की। इतने में मध्यान भोजन का भी समय हो चला था तो मध्यान्ह भोजन को बनाने में एनएसएस के वरिष्ठ स्वयंसेवियों ने अपने विशेष भूमिका अदा की। उन्होंने संतुलित एवं स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की। मध्यान भोजन के पश्चात स्वयंसेवियों के लिए कुछ समय के अंतराल के पश्चात बौद्धिक सत्र का आयोज[illegible] किया गया,इसमें मुख्य वक्ता के रूप में दिलीप ठाकुर ने शिरकत की। दिलीप ठाकुर पूर्व में शिक्षा विभाग में हिंदी विषय के अध्यापक व एनएसएस के पू[illegible] कार्यक्रम अधिकारी रह चुके हैं, उनका संबंध आनी के दलाश क्षेत्र से है। मुख्य वक्ता का स्वागत स्वयंसेवियों द्वारा स्वागत गीत गाकर व कार्यक्रम अधिकार[illegible] सोनिया चौधरी द्वारा गुलदस्ता देकर किया गया। कार्यक्रम अधिकारी सोनिया चौधरी ने दिलीप ठाकुर को पहाड़ी टोपी और शॉल देकर सम्मानित किया [illegible]मुख्य वक्ता द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य वक्ता के द्वारा स्वयंसेवियों को सभ्य मनुष्य जीवन, इन्टरनेट से बदली हमार[illegible] जिंदगी, दैनिक आदतों में सुधार (बदलाव) तथा युवाओं को उनके करियर के प्रति जागरूक किया। उनकी इन बातों को स्वयंसेवियों ने ध्यानपूर्वक सुना [illegible] कार्यक्रम के अन्त में कार्यक्रम अधिकारी डॉ बीरबल ने दिलीप ठाकुर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बौद्धिक सत्र के पश्चात स्वयंसेवियों ने लघु [illegible]अन्तराल के बाद ड्रिल में भाग लिया। आज के दिन का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम का विषय था देश भक्ति [illegible] स्वयंसेवियों द्वारा अनेक मधुर देश भक्ति गीत, देशभक्ति इस विशेष विषय पर नाटक इत्यादि प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अन्त में लक्ष्य गीत का गायन किय[illegible]








# Day **6**

दिनांक- 22 दिसम्बर , 2022 को सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर के छठे दिन की शुरुआत राजकीय महाविद्यालय करसोग में ड्रिल से हुई। प्रातः कालीन ड्रिल का नेतृत्व परेड कमांडर मुकेश जी ने किया। ड्रिल के पश्चात स्वयंसेवियों को चाय पान की व्यवस्था की गई। चाय पान के पश्चात स्वयंसेवियों ने गतिविधि में भाग लिया। आज की गतिविधि में विशेष रुप से गोद लिए गांव सानना में विजिट किया गया। स्वयंसेवियों ने गोद लिए गांव सानना में स्थानीय लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनका निवारण करने का निश्चय किया। साथ ही साथ गांव वालों को स्वच्छता के बारे में एवं नशे के दुष्प्रभावों के सन्दर्भ में जागरूक किया। गांव वालों से मिलने के पश्चात स्वयंसेवियों ने रास्ते में आते हुए सूखी लकड़ियों को एकत्रित किया ताकि शाम को ठंड से बचाव के लिए लकड़ियों का हथियार के रूप में प्रयोग किया जा सके। गोद लिए गांव सानना से वापस लौटकर कुछ क्षणों का विश्राम किया गया। विश्राम करने के बाद मध्यान्ह भोजन को ग्रहण किया गया।

बौद्धिक सत्र में वक्ता हर्ष ने एनएसएस स्वयंसेवकों को एनएसएस के बारे में विस्तृत जानकारी दी, नेतृत्व के गुण, कैसे हम सभी के साथ सामंजस्य बैठाकर कार्य कर सकते हैं, इस बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा एनएसएस द्वारा आयोजित Pre-RD व कैंपों में घटित अपने अनुभवों को सभी के सामने व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी सोनिया चौधरी जी के द्वारा हर्ष को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बौद्धिक सत्र के पश्चात समय सारणी के अनुसार ड्रिल का समय हो चला था तो आज की सायंकालीन ड्रिल का नेतृत्व एनएसएस के वरिष्ठ स्वयंसेवियों डोली राज , कुमार सोनू , रविकांत के द्वारा किया गया।

# #Day 6







# Day 7

Date-23December,2022 (Friday)राजकीय महाविद्यालय में सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर के अंतिम दिन की शुरुआत 2 घंटे की ड्रिल से हुई। ड्रिल के पश्चात स्वयंसेवियों के द्वारा कुछ समय का विश्राम किया गया तथा आज की गतिविधि की शुरुआत की गई। आज के इस समापन समारोह में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ गुलशन महाजन जी ने मुख्य अतिथि व श्रीमान कुलभूषण शर्मा जी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कुलभूषण जी पूर्व में महाविद्यालय करसोग में अंग्रेजी विषय के प्रवक्ता रह चुके हैं तथा साथ ही साथ वे यहां पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी भी रह चुके हैं। वर्तमान में वे राजकीय महाविद्यालय लंबाथाच में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मुख्य अतिथि कुलभूषण जी का स्वागत कार्यक्रम अधिकारी सोनिया चौधरी जी व कार्यक्रम अधिकारी डॉ बीरबल जी के द्वारा गुलदस्ता देकर किया गया।

तत्पश्चात महाविद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान गुलशन महाजन जी द्वारा एनएसएस स्वयंसेवी द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की व स्वयंसेवियों  का मार्गदर्शन किया। इसी बीच स्वयंसेवियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। साथ ही साथ स्वयंसेवियों द्वारा शिविर में अपने अनुभवों को सभी के सामने साझा किया गया।कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवियों को मुख्य अतिथि महोदय द्वारा पुरूस्कृत किया गया। पुरस्कार में बेस्ट ड्रिल के लिए दीपक, बेस्ट कैंपर के लिए पूजा, बेस्ट कल्चर में लड़कों में दयाल और लड़कियों में डिंपल, मैनेजमेंट के लिए पूरी मैस टीम, अनुशासन के लिए जगदीश व आउटडोर क्रियाओं में स्वयंसेवी मिथुन को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह के पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डॉ बीरबल जी के द्वारा नोट प्रस्तुत किया गया।

# #Day 7










# Moments














# Prog.Officer:

- Dr. Birbal
- Dr. Sonia Chaudhry

*Not me, But You...*

Thank you.....